बाल भारती पब्लिक स्कूल
गंगाराम अस्पताल मार्ग
सत्र - 2013 - 14
कक्षा - आठ
विषय - हिंदी
नियत कार्य संख्या - 7

SA - 2

पाठ्य पुस्तक : स्नेह
व्याकरण : समास

प्र०1. एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए।
(क) स्नेह कहानी के लेखक का नाम लिखिए?
(ख) शशि ने ताई के द्वारा मारे जाने का क्या कारण बताया?
(ग) ससुराल में आते ही निरूपमा ने उमा को क्या समझा दिया?
(घ) निरूपमा ने शशि से अपनी नाराजगी का क्या कारण बताया?
(ङ) शशि ने रसगुल्ला चुराने का क्या कारण बताया?
(च) अमूल्य ने उमा से निरूपमा का मकान छोड़ने के लिए क्यों कहा?
(छ) श्यामा ने उमा से शशि के स्कूल न जाने का क्या कारण बताया?
(ज) अन्त में उमा ने शशि को किस हालत में देखा?
(झ) कहानी के अंत में उमा ने क्या किया?

प्र०2. किसने किससे कहा?
(क) "त्याग इसमें क्या है? पर सोचती हूँ - क्या हम कायर नहीं हैं?"
(ख) "मुझे बचा लो, मैं फिर चोरी न करूँगा।"
(ग) "अपने भरे घर को फिर से सूना करने की हिम्मत भी मुझमें नहीं है।"
(घ) "बेचारा बालक शायद अधिक जी न सकेगा।"

प्र०3. उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।
(क) उसने देखा कि शशि की कोठरी में दो आँखें बड़ी

—— से उसकी ओर ताक रही है। (जिज्ञासा/ उत्सुकता)

(ख) "यह तो मैं नहीं जानता", शशि ने —— से कहा (भोलेपन/ क्रूरता)

(ग) वह मन ही मन कहती, शशि — से रहे, यही मुझे प्रिय है। (दुःख/ सुख)

प्र०4. उचित वर्तनी पर (✓) का चिह्न लगाइए।

(क) संघर्श, संघर्ष, संघर्श

(ख) ईश्यर्या, इर्ष्या, ईर्ष्या

(ग) करूना, करुणा, करूणा

(घ) कश्ट, कष्ट, कशट

प्र०5. शब्द के उचित अर्थ पर (✓) का चिह्न लगाइए।

(क) जिह्वा — (कान/ जीभ)

(ख) शीघ्रता — (जल्दी/ देर)

(ग) घातक — (डसना/ खतरनाक)

समास

प्र०1. निम्नलिखित समस्त पदों के सामने लिखे विग्रहों में से सही विग्रह पर ✓ लगाएँ।

(क) आय-व्यय (आय और व्यय, आय के समान व्यय, आय और व्यय का समाहार)

(ख) मीनाक्षी (मछली की आँखों के समान है जो, मछली के समान आँखों वाली, मछली और आँखें)

(ग) पंचामृत (पाँच हैं अमृत जिसमें, पाँच और अमृत, पाँच अमृतों का समूह)

(घ) निशाचर (निशा में विचरण करने वाला, निशा का चर, निशा में चरता है जो)

प्र०2. समस्तपद और समास के नाम के सही जोड़े पर ✓ लगाएँ।

(क) आत्म (अपने) में लीन (आत्मलीन-अव्ययी भाव समास/ आत्मलीन-अधिकरण तत्पुरुष)

(ख) जितना संभव हो सके (भर संभव-कर्मधारयसमास/ यथासंभव-अव्ययीभाव)

प्र०3. विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

- नवग्रह, गंगा-यमुना, भरपेट, गजानन, सत्याग्रह, महाराज।